### एक नजर में

## वार्ड क्रं. 39 में वृहद पौधारोपण का कार्यक्रम हुआ संपन्न, सिंदूर उद्यान में रोपे गये फलदार पौधे



**मंदसौर।** वार्ड क्रमांक 39 की पार्षद एवं जिला योजना समिति सदस्य भारती धीरज पाटीदार के जन्मदिवस के अवसर पर परम्परा अनुसार इस वर्ष भी पौधारोपण कर मनाया गया। इस बार एक पेड़ देश की सेना के नाम और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन सिंदूर उद्यान में विशेष सिंदूर के पौधे लगाकर किया। जिसमें मुख्य रूप से देश की सेना के भूतपूर्व सैनिक और उनके परिवार उपस्थित रहे। देश के भूतपूर्व सैनिकों ने अपने परिवार के साथ सिंदूर उद्यान मे सिंदूर और अन्य फलों के पौधों का रोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता मदन लाल राठौड़ ,पूर्व जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, ओबीसी मोर्चा मध्य प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, दक्षिण मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा, पूर्व जिला न्यायाधीश रघुवीर सिंह चुंडावत, पार्षद श्रीमति भारती पाटीदार, उद्यान शाखा सभापति रमेश जी ग्वाला, आशीष गौड़, दीपमाला मकवाना, निर्मला चंदवानी, सुनीता भावसार, प्रीति रोखले, सुनीता गुजरिया, विद्या कडोतिया, गोवर्धन कुमावत, अमन फरक्या, दिव्या अनूप महेश्वरी की गरिमामय उपस्थिति में भूतपूर्व सैनिकों का शॉल श्री फल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में सम्माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया और उसके सरंक्षण का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में सैनिकों के वरिष्ठ भूतपूर्व सैनिक श्रवण कुमार त्रिपाठी, सैनिक मुकेश गुर्जर, लोकेंद्र सिंह चंद्रावत, रामनारायण मालवीय, सैनिक एस आर जांगिड़, सैनिक रामनारायण गुर्जर, दिलीप सिंह सिसोदिया, राजेंद्र सिंह शक्तावत, दिनेश पाटीदार, ऋषिराज गुर्जर, जितेंद्र माली, मुकेश गुर्जर, नरेंद्र खटवड़, लोकेंद्र सिंह चंद्रावत, उषा कुमावत, प्रहलाद राठौड़, मुख्य रूप से आप ओर आपके परिवार उपस्थित रहे।

## सावन के पुरे माह करेंगे पौधा रोपण, 5000 पौधे लगाने का संकल्प

**मंदसौर।** सावन माह के प्रथम दिवस पर पर्यावरण को बड़ावा देने का संकल्प लेते हुए पुरे माह में 5000 पौधे लगाने का संकल्प के साथ शुक्रवार को अम्बे माता मंदिर परिषद में वृहद पौधा रोपण अभियान की शुरूवार की गइ। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ तहसील में श्री श्री मॉ शक्ति सेवा संस्थान द्वारा पौधा रोपण किया गया। संकल्प लिया गया कि इस अभियान में हम अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे .

# गाँधी सागर अभयारण्य में पाया गया दुर्लभ स्याहगोश

**▸ दुर्लभ प्रजातियों के लिए सुरक्षित आश्रय-स्थली बना अभ्यारण्य**



**मंदसौर।** गाँधी सागर अभ्यारण्य मंदसौर में दुर्लभ प्रजाति के ﾂस्याहगोश'' (कैराकल) की उपस्थिति दर्ज हुई है। गाँधी सागर वन्य-जीव अभ्यारण्य में ﾂकैराकल'' जिसे स्थानीय रूप से ﾂस्याहगोश'' कहा जाता है कैमरा ट्रैप में दिखाई दिया। यह मांसाहारी प्रजाति का अत्यंत शर्मीला, तेज गति से दौड़ने वाला और सामान्यतः रात्रिचर वन्य-जीव है। यह मुख्यतः शुष्क, झाड़ीदार, पथरीले और खुली घास वाले इलाकों में पाया जाता है। भारत में अब यह प्रजाति विलुप्तप्राय श्रेणी में रखी गयी है और इसकी उपस्थिति बहुत ही दुर्लभ मानी जाती है।

गाँधी सागर अभ्यारण्य के वन अधिकारी ने बताया कि वन मण्डल मंदसौर में लगाये गये कैमरा ट्रैप में एक वयस्क नर कैराकल की उपस्थिति दर्ज हुई है जो जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अभ्यारण्य में संरक्षित आवासों की गुणवत्ता और संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। कैराकल की उपस्थिति यह दर्शाती है कि गाँधी सागर क्षेत्र के शुष्क और अर्द्ध-शुष्क पारिस्थितिकीय तंत्र अब भी इतने समृद्ध और संतुलित हैं जो इस दुर्लभ प्रजाति को आश्रय दे सकते हैं।

मध्यप्रदेश में पिछले कई वर्षों बाद किसी संरक्षित क्षेत्र में कैराकल की पुष्टि हुई है जो प्रदेश के लिये गर्व की बात है। यह खोज न केवल वन्य-जीव शोध के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारे संरक्षण प्रयासों की सफलता का भी प्रमाण है। इस उपलब्धि के लिये वन विभाग एवं गाँधी सागर वन्य-जीव अभ्यारण्य के अधिकारी-कर्मचारियों के विशेष प्रयासों से विविध पारिस्थितिकी संरक्षित रह पायी है जिससे आज यह अभ्यारण्य दुर्लभ प्रजातियों के लिये भी एक सुरक्षित आश्रय-स्थली बना हुआ है।

## भगवान श्री पशुपतिनाथ के मनोकामना अभिषेक का हुआ शुभारंभ प्रथम दिवस दो जोड़ों ने की सहभागिता

**मंदसौर।** भगवान श्री पशुपतिनाथ के श्रावण मास के मनोकामना अभिषेक का 11 जुलाई को पशुपतिनाथ आराधना भवन में शुभारंभ हुआ प्रारंभ में आराधना भवन मंच पर प्रतिष्ठित भगवान पशुपतिनाथ की रजत प्रतिमा का योग गुरु बंसीलाल टॉक, डॉ. रविंद्र पांडेय, प्रद्युम्न शर्मा, प्रबंधक राहुल रुनवाल, सह प्रबंधक ओपी शर्मा, दिनेश बैरागी ने पूजन किया। पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला के आचार्य श्री ज्ञानी के मार्गदर्शन में 25 बटुकों के द्वारा अभिषेक कराया गया । अभिषेक में दो जोड़ों ने सहभागिता की जिन में एक अभिषेकार्थी मंदसौर अग्रसेन नगर और दूसरा उदयपुर का था नाम मात्र की संख्या में केवल दो जोड़ो के भाग लेने का कारण जहां कोरोना से पहले गायत्री परिवार द्वारा निशुल्क अभिषेक होता था वहीं एकदम से राशि 500 कर देने से विगत 2 वर्षों से संख्या में एकदम कमी आई है। नगर के जागरूक धार्मिक महानुभावों का प्रबंध समिति की पदेन अध्यक्ष कलेक्टर अदिती गर्ग से अनुरोध है कि वे कृपया मनोकामना अभिषेक में पूर्ववत हजारों की संख्या में अभिषेकार्थी सम्मिलित हो जिससे भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर की प्रसिद्धी के साथ ही नगर का गौरव बड़े इसलिये लिये अभिषेक या तो नि:शुल्क अथवा सौ रूपये कर देना चाहिये जिससे आमजन सहित सभी श्रद्धालु लाभ ले सके।

# टीम एवीएस मंदसौर नगर कार्यकारिणी घोषित

**मंदसौर।** पांच बिंदुओं पर कार्य करती हुई टीम एवीएस ने आज नगर कार्यकारिणी की घोषणा की। धर्म, पर्यावरण, मदद, स्वास्थ्य, योगासन पर कार्य करते हुए जिसमें नदी मुख्य अभियान है इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए मंदसौर कार्यकारिणी को घोषित किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए संस्थापक मनीष भावसार ने बताया कि संरक्षक के रूप में डॉक्टर रविंद्र पांडे, प्रदीप चौधरी, गौरव अग्रवाल, जगदीश मंडवारिया, विक्रम भटनागर, घनश्याम बटवाल, सुनील बंसल, महेश भावसार मार्गदर्शक - प्रद्युम्न शर्मा, ज्योतिप्रकाश जाजपुरिया, दीपक बडसोलिया, विजय राठौर, धर्मेंद्र रामावत प्रवीण शर्मा, अजीजुल्लाह खान। परामर्श दाता- राजेश बोहरा, गौरव शर्मा भगवती बोरीवाल, धर्मेंद्र सांखला, मनीष बग्गा राम अटेला, गोपाल दीवान। नगर संयोजक - अरुण भावसार सहसंयोजक- हेमंत सुरा, अमन फरक्या, नरेंद्र बंधवार, सांवलिया भावसार, रमेश ब्रिजवानी, दीपक गजवा, हितेश गुर्जर। सहसंयोजक- अंकित माहेश्वरी, निलेश कुमावत, राहुल प्रजापत, अशोक सोनी अंकुश डबकरा।

अध्यक्ष - राजेश मेढतवाल, उपाध्यक्ष विपिन भादरिया, धर्मेंद्र साहू, अनिरुद्ध पालीवाल, अनूप परमार राजेंद्र बंजारिया, गणेश फग्वार, दीपक तिवारी आदित्य मारोठिया। सचिव- दिलीप लक्षकार, सहसचिव- संदीप नामदेव, कमलेश गढ़िया, शौकीन नलवाया, राजेश सोलंकी, भारत हलकारा! कोषाध्यक्ष- नितिन भावसार सहकोषाध्यक्ष- पंकज सांखला, नितिन शर्मा। समन्वयक- राजा ठाकुर मीडिया प्रभारी - पंकज श्रीवास्तव, सह मीडिया प्रभारी- रजत सोनी संगठन मंत्री - घनश्याम बैरागी। धार्मिक कार्य संयोजक - सूरज जोशी, सत्यनारायण जटिया, राहुल द्विवेदी पर्यावरण कार्य संयोजक-किशोर टेलर दीपेश भावसार। मदद कार्य संयोजक- बलवंत ग्वाला, दीपक हलकारा। स्वास्थ्य कार्य संयोजक- दीपक वर्मा, उमेश भावसार। योगासन कार्य संयोजक- सुधांशु भावसार लिए गए। उक्त कार्यकार्यकारिणी में भविष्य में विस्तार किया जाएगा।

**एक नजर** | **जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक संपन्न**

# स्वास्थ्य विभाग अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का तुरंत निराकरण करें



**मंदसौर।** जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मनुप्रिया विनीत यादव, एडिशनल सीईओ पंवार, जिला पंचायत सदस्य, जिलाधिकारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्षा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के जितने भी लंबित प्रकरण है उनका तुरंत निराकरण करें। अनुकंपा के कितने पद रिक्त हैं उसकी जानकारी भेजें। आंगनवाड़ी में सहायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रमोशन के संबंध में प्रमाण पत्रों की विधिवत जांच करें। जल निगम गांव में पेयजल पाइपलाइन गहराई में डालें। टंकी का निर्माण उच्च स्तर के लेवल पर करें, जितने भी निर्माण कार्य हुए उनका भौतिक सत्यापन और निरीक्षण जनप्रतिनिधियों के साथ में करें। विद्युत आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए कि, लाइट से वंचित आबादी क्षेत्र में पोल शिफ्ट कर लाइट की व्यवस्था करें। वन विभाग पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करें तथा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पौधारोपण भी करवाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गतसड़कों का संधारीकरण करें। सड़कों से अतिक्रमण हटवाए तथा सड़कों के आसपास झाड़ियां को हटवाए। शिक्षा विभाग पिछले वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी प्रेषित करें। स्कूलों में साफ सफाई एवं बसों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




**मंदसौर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आज दिनांक 11 जुलाई, 2025 को सांदीपनि महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या विद्यालय, मंदसौर में विश्व जनसंख्या दिवस पर संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता रेनुका ने परिवार नियोजन को लेकर छात्राओं से चर्चा करते हुए बढ़ती जनसंख्या से पैदा हो रही परेशानियों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। सीबीसी प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि विश्व की जनसंख्या 8 अरब को भी पार कर चुकी है। बढ़ती हुई जनसंख्या से पर्यावरण, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पैदा हो रही समस्याओं पर भी प्रकाश डाला गया। भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यालय की छात्राओं ने भी अपने विचार प्रकट किये।

# नीमच


### एक नजर में

## आनंद ग्राम पालसोडा में अल्पविराम कार्यक्रम संपन्न




**नीमच।** म.प्र.शासन आनंद विभाग नीमच जिले के आनंद ग्राम पालसोड़ा में गुरूवार को पंचायत भवन में अल्पविराम परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर श्री कमलाशंकर विश्वकर्मा एवं आनंदम सहयोगी श्रीमती अनिता सिसोदिया एवं श्री प्रहलाद वैष्णव ने आमजनों को ट्रेनिंग दी। आनंदम टीम ने अपना परिचय दिया और प्रतिभागियों से भी अनोखे अंदाज में परिचय लिया, साथ ही अल्प विराम कार्यक्रम की भूमिका, फ्रीडम ग्लास का सत्र लिया और प्रतिभागियों का फीडबैक लेकर विभाग से जुड़ने की प्रकिया साझा की। आनंदम सहयोगी श्रीमती अनिता सिसोदिया ने हम और हमारे रिश्ते विषय पर जानकारी दी। आनंदम सहयोगी श्री प्रहलाद वैष्णव ने जीवन का लेखा जोखा के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में रामनारायण जाट ने आभार माना। कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ साथ एडीईओ नवनीत नागर, सचिव महेश शर्मा, सहायक सचिव रूपेश पाटीदार एवं अर्जुन मोदी आदि ने भी सहभागिता की।

## प्रशासन ने ग्राम बरलाई में शासकीय जमीन से हटाया अवैध अतिक्रमण



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा शासकीय जमीनों के सरंक्षण एवं अवैध अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत एसडीएम मनासा पवन बारिया के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को ग्राम बरलाई में शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाकर, शासकीय जमीन को कब्जे से मुक्त करवाया गया। एसडीएम बारिया ने बताया, कि तहसीलदार रामपुरा मृगेन्द्र सिसोदया एवं राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को ग्राम बरलाई में जे.सी.बी. की सहायता से शासकीय जमीन पर कुछ ग्रामीणों द्वारा किया गया, अवैध कब्जा, अतिक्रमण हटाया गया हैं।

# नपा कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

**▸ नीमच शहर के 91 हितग्राहियों को वितरित किए गए हितलाभ स्वीकृति पत्र**



**नीमच।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहनजी यादव व नगरीय विकास मंत्री कैलाशजी विजयवर्गीय के आतिथ्य में शुक्रवार, 11 जुलाई को इंदौर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 60000 से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरण के तहत आवासो की कुल अनुदान राशि 1513. 53 करोड़ का स्वीकृति पत्र एवं गृहप्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे पीएमएवाई (यू) 1.0 अंतर्गत निर्मित 41000 से अधिक हितग्राहियो का गृहप्रवेश एवं पीएमएवाई (यू ) 2.0 अंतर्गत निर्मित 41000 से अधिक हितग्राहियो के आवासो के गृहप्रवेश का वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री जी के इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नगर पालिका कार्यालय नीमच स्थित हाल में विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया व भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री दारासिंह यादव, सभापति श्री नीरज अहीर, श्रीमती कुसुम अशोक जोशी, पार्षदगण श्रीमती किरण शर्मा, श्री रामचंद्र धनगर, श्री आलोक सोनी, श्री योगेश कविश्वर की उपस्थिति में किया गया। नगर पालिका कार्यालय नीमच में आयोजित कार्यक्रम में नगरीय सीमा नीमच में निवासरत 91 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान निर्माण हेतु स्वीकृत राशि 2 करोड़ 27 लाख 50 हजार के स्वीकृति पत्र अतिथिगणों के हाथों वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणो ने माँ सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम को विधायक श्री परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती खंडेलवाल, नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा व मंडल अध्यक्ष दारासिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र जी मोदी व मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन जी यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासहीनों के अपना घर का सपना पूरा हो रहा है। इस अवसर पर अतिथिगणो ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए देश-प्रदेश व नीमच शहर में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।

स्वागत भाषण सीएमओ बामनिया ने दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री आवास योजना के 91हितग्राहियो को हितलाभ स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में महिला हितग्राही ग्वालटोली निवासी शायरबाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन एनयूएलएम प्रभारी श्री प्रवीण आर्य ने किया। आभार राजेश मंगल (पप्पू) ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक कन्हैयालाल शर्मा, श्री टेकचंद बुनकर, श्री के.के. व्यास सहित अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण व बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही उपस्थित थे।



# सीआरपीएफ में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नीमच।** एथलेटिक्स एक लोकप्रिय खेल है जो दुनिया भर में आयोजित किया जाता है, और यह ओलंपिक खेलों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता, जिसे ट्रैक और फील्ड के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें विभिन्न प्रकार की स्पर्धाएं होती हैं। इसी क्रम में, ग्रुप केन्द्र नीमच की मेजबानी में 07 से 10 जुलाई तक मध्य प्रदेश सेक्टर के परिचालन क्षेत्राधिकार में स्थित बटालियनों एवं ग्रुप केन्द्रों के बीच एथलेटिक्स प्रतियोगिता -2025 का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में ग्रुप केन्द्र ग्वालियर, भोपाल, नीमच, प्रथम बटालियन, 07 बटालियन, 41 बटालियन, 123 बटालियन, 148 बटालियन तथा चतुर्थ सिगनल बटालियन सहित कुल 09 टीमों के कार्मिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित किया और टीम भावना व अनुशासन का परिचय दिया। प्रतियोगिता का विधिवत समापन बृहस्पतिवार को एक भव्य समारोह के साथ किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान ग्रुप केन्द्र, नीमच ने तथा द्वितीय स्थान 123 बटालियन ने प्राप्त किया। समापन समारोह में ग्रुप केंद्र नीमच के कमांडेंट श्री प्रमोद कुमार साहू बतौर मुख्य अतिथि रहे, जिनके द्वारा विजेता तथा उपविजेता टीमों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा अन्य प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के सभी खिलाडियों को मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर ग्रुप केन्द्र के सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान और खिलाड़ी मौजूद रहे।

**स्थापना दिवस** | **विभिन्न विभागों का किया औचक निरीक्षण**

# अचानक नगर पालिका पहुंचे विधायक तो मच गया हड़कंप



**नीमच।** नगर पालिका में आज विधायक दिलीप सिंह परिहार ने अचानक पहुंचकर विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया, कर्मचारियों से बातचीत की और रजिस्टर भी मंगवाए। निरीक्षण के दौरान विधायक परिहार ने कर्मचारियों से उनके लंच टाइम के बारे में जानकारी ली और सभी को महत्वपूर्ण सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा, मीठा बोलो, प्रेम से काम करो। विधायक का सीधा और सपाट तात्पर्य था कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान होना चाहिए।

विधायक दिलीप सिंह परिहार ने बताया कि उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से नगर पालिका की व्यवस्थाओं, प्रशासनिक कसावट, भ्रष्टाचार और कर्मचारियों की कमी जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी ताकि समस्याओं का स्थायी हल निकाला जा सके।लंबे समय से चली आ रही बंगला-बगीचा क्षेत्र की समस्या पर भी विधायक परिहार ने आश्वासन दिया कि थोड़ी सी परेशानी बाकी है, जो जल्द ही हल हो जाएगी।नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने विधायक के निरीक्षण को मार्गदर्शन बताया और कहा कि वे एक कार्यक्रम के तहत यहां आए थे।दरअसल, विधायक परिहार का यह दौरा नगर पालिका में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-टू के एक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें हितग्राहियों को मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा के साथ-साथ सभापति वंदना खंडेलवाल, दारा सिंह यादव, नीरज अहीर, अशोक जोशी, किरण शर्मा, रामचंद्र धनगर, आलोक सोनी और योगेश कवीश्वर सहित कई गणमान्य नागरिक और अधिकारी मौजूद रहे।

# शुभ प्रभात योग मित्र मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व पर योग गुरु व चिकित्सकों का किया सम्मान

**नीमच।** प्राचीन भारत की सनातन संस्कृति का परिचायक ऋषि मुनियों की प्रेरणा से गुरु पूर्णिमा पर्व पर शुभप्रभात योग मित्र मंडल के तत्वाधान में योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय रोगियों की समाज सेवा करने वाले योग गुरुओं का सुबह 7 बजे गांधी वाटीका योग मैदान पर सम्मान किया गया। वरिष्ठ एडवोकेट तेजपाल जैन ने अपने स्वागत उदबोधन में कहा कि लोगों में स्वस्थ जीवन के लिए योग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से योग प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न योगासन के माध्यम से विभिन्न रोगों को कैसे ठीक करें का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया। शुभ प्रभात योग मित्र मंडल द्वारा विगत 30 सालों से गांधी वाटिका में योग प्राणायाम विधिवत योग के विभिन्न आसन का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे शहर के केई लोग योग गुरु बन चुके है ।तथा उनके द्वारा प्रशिक्षित योग गुरु निशुल्क योग क्लास सेवा प्रकल्प ग्रुप में अलग-अलग स्थान पर चला रहे हैं ।यहां पर कितने ही असाध्य रोगों का इलाज बिना दवाई के नि:शुल्क योग और प्राणायाम द्वारा सिखाया जा रहा है।